प्रेस नोट

थाना पिलखुवा **दिनांक 31.07.2021**

थाना पिलखुवा पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 361/21 धारा 392 भादवि का सफल अनावरण करते हुए लूट/चोरी का माल खरीदने वाले अभियुक्त (सुनार) को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से लूटी हुई 01 चैन व 02 अंगूठी (पीली धातु) बरामद ।

कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं लुटेरे/ चोरों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा नर्सरी के सामने सिक्योरिटी गार्ड कम्पनी के संचालक के साथ हुई लूट के सम्बन्ध में थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 361/21 धारा 392 भादवि का सफल अनावरण करते हुए लूट/चोरी का माल खरीदने वाले अभियुक्त (सुनार) को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से लूटी हुई 01 चैन व 02 अंगूठी (पीली धातु) बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:-

गिरफ्तार अभियुक्त वसीम (सुनार) उपरोक्त ने बताया कि वह सोने, चाँदी के आभूषण (ज्वैलरी) की दुकान चलाता है तथा अभियुक्त अधिक मुनाफा प्राप्त करने के लिए चोर/लूटेरों से कीमती आभूषण सस्ते दामों पर खरीदकर मुनाफा कमाता है। इसके कब्जे से बरामद हुई चैन व अंगूठी (पीली धातु) अभियुक्तगण 1-मोनू उर्फ मैनूद्दीन, 2-फुरकान निवासीगण मौ0 कसाईवाडा थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर से सस्ते दामों पर खरीदी थी और अभियुक्त वसीम (सुनार) को जानकारी थी कि उक्त चैन, अंगूठी लूट/चोरी की है। अभियुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि वह वर्ष 2011 में भी जनपद गाजियाबाद से लूट/चोरी का सामान खरीदने में पहले भी जेल जा चुका है। जिसके अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है तथा संबंधित लूट करने वाले अभियुक्त मोनू उर्फ मैनूद्दीन व फुरकान उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

वसीम पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी जाकिर कालोनी थाना धौलाना जनपद हापुड़।

फरार अभियुक्तों का नाम व पता:-

1-मोनू उर्फ मैनूद्दीन पुत्र अनवर निवासी मौ0 कसाईवाडा थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर।

2-फुरकान पुत्र शफीक निवासी मौ0 कसाईवाडा थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर।

बरामदगी का विवरणः-

1- एक चैन पीली धातु सम्बन्धित मु0अ0सं0 361/21 धारा 392 भादवि थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
2- 02 अंगूठी पीली धातु।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1- उ0नि0 सुमित तोमर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

2- का0 343 गौरव निर्वाल थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

3- का0 326 रोहित चौधरी थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।